# B.R.M. COLLEGE, MUNGER

{Constituent Unit of Munger University, Munger}

Email : brmcollege1958@gmail.com *(Knowledge and Wisdom)* Mob : 8340159909

*Ref. No.- BRM/Estb./236/2026* *Date : 21/9/26*

छात्र सहायता पोर्टल (Students Support Portal)

छात्र सहायता पोर्टल के अंतर्गत मासिक शिविर आयोजित किए जाने के संबंध में

## सूचना

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के निर्देश के अनुपालन में छात्र सहायता पोर्टल (Students Support Portal) के अंतर्गत छात्राओं की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य समस्याओं के निराकरण तथा आवश्यक मार्गदर्शन हेतु दिनांक 22/09/2026 (मंगलवार) को महाविद्यालय परिसर में मासिक छात्र सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में छात्राएँ अपनी समस्याओं/शिकायतों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकती हैं। प्राप्त समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार संबंधित विभाग/प्राधिकारी को अग्रसारित किया जाएगा।

अतः महाविद्यालय की सभी छात्राओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर छात्र सहायता पोर्टल की सुविधा का लाभ उठाएँ।

दिनांक: 22/09/2026 (मंगलवार)

समय: प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक

स्थान: कक्ष संख्या-06

यह सूचना महाविद्यालय की सभी छात्राओं के सूचनार्थ एवं आवश्यक अनुपालन हेतु जारी की जाती है।

21/09/26

डॉ. बालकृष्ण प्रसाद
नोडल पदाधिकारी
छात्र सहायता पोर्टल
बी.आर.एम. कॉलेज, मुंगेर

21.09.2026

(डॉ. वंदना कुमारी)
प्राचार्या
बी.आर.एम. कॉलेज, मुंगेर

Principal-in-charge
B.R.M. College, Munger
21/9/26